# आँकड़े

## In Text Exercise

**पृष्ठ 43**

कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने पोषाहार में हर सोमवार को दिए जाने वाले फल अपनी-अपनी रुचि के अनुसार अध्यापक को निम्नानुसार बताये -

| फल | टेली चिह्न | कितनों की पसंद |
|---|---|---|
| केला | ✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓ | 10 |
| अमरूद | ✓✓✓✓✓ | .......... |
| चीकू | ✓✓✓ | .......... |
| संतरा | ✓✓✓✓✓✓✓✓ | .......... |

**सही चिह्नों को गिनकर तालिका को भरिये।**

1. कुल कितने बच्चों ने अपनी पसंद के फल बताए?
2. कौन सा फल सबसे अधिक बच्चों द्वारा पसंद किया गया?
3. कौन सा फल सबसे कम बच्चों द्वारा पसंद किया गया?

**हल:**

| फल | टेली चिह्न | कितनों की पसंद |
|---|---|---|
| केला | ✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓ | 10 |
| अमरूद | ✓✓✓✓✓ | 5 |
| चीकू | ✓✓✓ | 3 |
| संतरा | ✓✓✓✓✓✓✓✓ | 8 |

1. अपनी पसन्द के फल बताने वाले कुल बच्चे = 10 + 5 + 3 + 8 = 26
2. बच्चों द्वारा सबसे अधिक पसन्द किए जाने वाला फल केला है जो 10 बच्चों ने पसन्द किया।
3. बच्चों द्वारा सबसे कम पसन्द किए जाने वाला फले चीकू है जो 3 बच्चों ने पसन्द किया।

## पृष्ठ 43-44

**प्रश्न 1. नेहा और आशू ने अपनी गणित की कक्षा में आँकड़ों को एकत्र करना सीखा था अतः उन्होंने एक तालिका बना, वाहनों को गिना -**

| वाहन का नाम | टेली चिह्न | संख्या |
|---|---|---|
| मोटर साइकिल | ~~\|\|\|\|~~ ~~\|\|\|\|~~ \|\|\|\| | 14 |
| जीप | ~~\|\|\|\|~~ \|\| | 7 |
| बस | \|\|\| | 3 |
| कार | ~~\|\|\|\|~~ ~~\|\|\|\|~~ \| | 11 |

**तालिका देखकर बताओ**

1. शाम 5 से 6 बजे तक कितनी मोटर साइकिल नेहा के घर से सामने से गुजरीं?
2. इस दौरान नेहा के घर के आगे से कुल कितने वाहन गुजरे?
3. सबसे कम कौनसा वाहन गुजरा? नाम बताइये।

**हल:**

1. शाम 5 से 6 बजे तक 14 मोटर साइकिल नेहा के घर के सामने से गुजरीं।
2. नेहा के घर के सामने से गुजरने वाले कुल वाहन = 14 + 7 + 3 + 11 = 35
3. सबसे कम गुजरने वाला वाहन बस थी जिसकी संख्या 3 थी।

## पृष्ठ 44 अभ्यास

**प्रश्न 1. आपकी कक्षा में सभी बच्चों को कौनसा खेल सबसे अधिक पसंद है यह जानने के लिए तालिका बना टेली चिहन लगाकर पता कीजिए।**

**हल:** इस प्रश्न का उत्तर कक्षा के विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर परिवर्तित हो सकता है। यहाँ कक्षा-5 के छात्रों की संख्या 40 मानकर हल प्रस्तुत किया जा रहा है-

| खेल | टेली चिह्न | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| खो-खो | 𝍸 𝍸 𝍸 | 15 |
| कबड्डी | 𝍸 \|\|\| | 8 |
| रुमाल झपट्टा | 𝍸 \|\| | 7 |
| कैरम | \|\|\|\| | 4 |
| दौड़ | 𝍸 \| | 6 |

इस कक्षा के बच्चों को खो-खो का खेल सबसे अधिक पसन्द है।

**प्रश्न 2. आपकी कक्षा में किसके कितने भाईबहन हैं, यह पता करने के लिए नीचे दी गई तालिका को सभी साथियों से पूछकर भरिए। दिए गए प्रश्नों के उत्तर भी दीजिए।**

| भाई/बहन | टेली चिह्न | संख्या |
|---|---|---|
| कोई नहीं | | |
| 1 भाई/बहन | | |
| 2 भाई/बहन | | |
| 3 या 3 से अधिक | | |

1. कितने बच्चों के कोई भाई-बहन नहीं हैं?
2. एक भाई-बहन कितने बच्चों के हैं?
3. कितने भाई-बहनों की संख्या के आगे टेली चिह्न सबसे ज्यादा है?
4. 3 या 3 से अधिक भाई-बहनों वाले कितने बच्चे हैं?

**हल:** [इस प्रश्न में भी कक्षा के छात्रों की संख्या 40 मानी गई है।]

| भाई/बहन | टेली चिह्न | संख्या |
|---|---|---|
| कोई नहीं | 卌 \|\| | 7 |
| 1 भाई/बहन | 卌 \| | 6 |
| 2 भाई/बहन | 卌 卌 卌 卌 | 20 |
| 3 या 3 से अधिक | 卌 \|\| | 7 |

1. 7 बच्चों के कोई भाई-बहन नहीं है।
2. 6 बच्चों के एक भाई-बहन है।
3. 2 भाई-बहनों के आगे सबसे अधिक टेली चिह्न हैं।
4. 3 या 3 से अधिक भाई-बहन वाले 7 बच्चे हैं।

## पृष्ठ 46

**प्रश्न 1. निम्न तालिका में सोमवार को राज. प्राथ. विद्यालय, उपरीफला में विद्यार्थियों की संख्या चित्र आलेख एवं टेली चिह्न द्वारा प्रदर्शित की गई है। यहाँ तालिका में ☺ = 10 छात्र और 10 से कम छात्रों को टेली चिह्न द्वारा दिखाया गया है।**

| कक्षा | उपस्थिति |
|---|---|
| कक्षा-I | ☺ ☺ \|\| |
| कक्षा-II | ☺ ☺ 卌 \| |
| कक्षा-III | ☺ ☺ ☺ |
| कक्षा-IV | ☺ ☺ ☺ \|\|\| |
| कक्षा-V | ☺ 卌 \|\| |

तालिका को देखने से स्पष्ट पता चलता है कि कक्षा I में सोमवार को 22 विद्यार्थी उपस्थित हैं

क्योंकि ☺ = 10 है अत: ☺ ☺ || = 22 को दिखाता है।

(i) इसी प्रकार आप कक्षा II, III, IV व V में छात्रों की उपस्थिति तालिका से बताइए।
(ii) किस कक्षा में सबसे अधिक विद्यार्थी उपस्थित

**हल:**

(i) तालिका के अनुसार कक्षा II के छात्रों की उपस्थिति। = 10 + 10 + 5 + 1 = 26

कक्षा III के छात्रों की संख्या = 10 + 10 + 10 = 30
कक्षा IV के छात्रों की उपस्थिति = 10 + 10 + 10 + 3 = 33
कक्षा V के छात्रों की उपस्थिति = 10 + 5 + 2 = 17

(ii) सोमवार को कक्षा IV में सबसे अधिक विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# Exercise 9.1

**प्रश्न 1. इस साल कैलेण्डर को देखकर जुलाई से दिसम्बर माह में आने वाली छुट्टियों की संख्या का स्तम्भ चार्ट बनाइए।**

**निम्न प्रश्नों के उत्तर भी दीजिए -**

(i) किस माह में सबसे ज्यादा छुट्टियाँ हैं?
(ii) किस माह में सबसे कम छुट्टियाँ हैं ?
(iii) अगस्त या दिसम्बर में से कौनसे माह में ज्यादा छुट्टियाँ हैं?

| जुलाई-2017 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| सोमवार | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगलवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुधवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| गुरुवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्रवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनिवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |

| अगस्त-2017 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| सोमवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगलवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुधवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरुवार | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शुक्रवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनिवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |

| सितम्बर-2017 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोमवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगलवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुधवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरुवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्रवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनिवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |


| अक्टूबर-2017 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोमवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगलवार | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बुधवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| गुरुवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्रवार | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शनिवार | 7 | 14 | 21 | 28 | |

| नवम्बर-2017 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोमवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगलवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुधवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| गुरुवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्रवार | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शनिवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |

| दिसम्बर-2017 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोमवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगलवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुधवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरुवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्रवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनिवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

**हल:** इस साल के कैलेण्डर में जुलाई से दिसम्बर तक छुट्टियाँ अग्रानुसार हैं -

| माह | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्टूबर | नवम्बर | दिसम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छुट्टियाँ | 5 | 7 | 8 | 9 | 5 | 7 |




(i) अक्टूबर माह में सबसे ज्यादा छुट्टियाँ हैं।

(ii) जुलाई और नवम्बर माह में सबसे कम छुट्टियाँ

(iii) अगस्त तथा दिसम्बर दोनों माहों में समान छुट्टियाँ हैं।

**प्रश्न 2. महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा एक सप्ताह में बनाए गए पापड़ की संख्या को चित्र आलेख द्वारा दिखाया गया है।**

10 पापड़ के एक पैकेट के लिए @ चिह्न और खुले पापड़ को चिह्न से दिखाया गया है।

<table>
<tr><th>दिन</th><th>◎ = 10 पापड़</th></tr>
<tr><td>सोमवार</td><td>◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ||</td></tr>
<tr><td>मंगलवार</td><td>◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ◎</td></tr>
<tr><td>बुधवार</td><td>◎ ◎ ◎ ◎ ||||</td></tr>
<tr><td>गुरुवार</td><td>◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ◎</td></tr>
<tr><td>शुक्रवार</td><td>◎ ◎ ◎ ◎ ◎ |||</td></tr>
<tr><td>शनिवार</td><td>◎ ◎ ◎ |||</td></tr>
<tr><td>रविवार</td><td>◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ◎ ◎ |||</td></tr>
</table>

**तालिका को देखकर बताइए -**

(i) किस दिन पापड़ सबसे अधिक बने और कितने?
(ii) सोमवार और शुक्रवार में से किन दिन ज्यादा पापड़ बने और कितने?

**हल:**

(i) रविवार के दिन सबसे अधिक पापड़ बने कुल पापड़ = 10 + 10 + 10 + 10 + 10 + 10 + 10 + 10 + 3 = 83
(ii) सोमवार और शुक्रवार में से शुक्रवार को अधिक पापड़ बने। सोमवार को बने = 10 + 10 + 10 + 10 + 10 + 2 = 52
शुक्रवार को बने = 10 + 10 + 10 + 10 + 10 +3 = 53
अतः शुक्रवार को 53 - 52 = 1 पापड़ ज्यादा बना

**प्रश्न 3. ☺ = 5 बच्चे व टेली चिह्नों | = 1 को लेकर अपनी कक्षा की एक सप्ताह की उपस्थिति के लिए तालिका बनाओ और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(i) सबसे ज्यादा बच्चे किस दिन उपस्थित थे?
(ii) पूरे सप्ताह बच्चों की उपस्थिति का योग कितना है?
(iii) किस दिन बच्चे सबसे कम संख्या में स्कूल आए?

**हल:** कक्षा में 40 बच्चे मानकर तालिका निम्नानुसार बनाई जा सकती है -

| वार | उपस्थिति | संख्या |
|---|---|---|
| सोमवार | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ||| | 38 |
| मंगलवार | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ | | 36 |
| बुधवार | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |||| | 29 |
| गुरुवार | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ | 30 |
| शुक्रवार | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ | 35 |
| शनिवार | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ||| | 33 |

(i) सबसे ज्यादा बच्चे सोमावर को उपस्थित थे।

(ii) पूरे सप्ताह की बच्चों की उपस्थिति का योग = 38 + 36 + 29 + 30 + 35 + 33 = 201

(iii) बुधवार को बच्चे सबसे कम आए।

## Additional Questions

### बहुविकल्पात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. संख्या 12 को टेली चिह्नों से दर्शाते हैं -**

(अ) 𝍸　　　(ब) 𝍸 ||

(स) 𝍸 𝍸 ||　　　(द) 𝍸 𝍸 |

**प्रश्न 2. स्तम्भ चार्ट में प्रत्येक स्तम्भ की चौड़ाई होती है**

(अ) समान

(ब) असमान


(स) अलग-अलग

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 3. संख्या 8 के लिए टैली चिहन होगा -**




**प्रश्न 4.**




(अ) 32 घर
(ब) 30 घर
(स) 302 घर
(द) 1011 घर

**प्रश्न 5. दण्ड आरेख को बनाया जाता है -**

(अ) पतंग के कागज पर
(ब) ग्रिड पेपर पर
(स) अखबार पर
(द) कपड़े पर।

**उत्तरमाला**

1. (स)
2. (अ)
3. (स)
4. (ब)
5. (ब)।

**निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

1. आँकड़ों को .................. बनाकर सरलता से गणना योग्य बनाया जा सकता है।
2. गणना करने के लिए तालिका में .................. का प्रयोग किया जाता है।
3. आँकड़ों को .................. द्वारा भी प्रदर्शित किया जाता है।

4. स्तम्भ चार्ट द्वारा भी .................. को व्यक्त किया जा सकता है।
5. आँकड़े संख्याओं के वे .................. हैं जो कुछ सूचनाएँ देने के लिए एकत्रित किए जाते हैं।

**उत्तर:**

1. तालिका
2. टेली-चिह्नों
3. चित्रालेख
4. आँकड़ों
5. संग्रह।

## अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. आँकड़े किन्हें कहते हैं?**

**उत्तर :** आँकड़े-आँकड़े संख्याओं के वे संग्रह हैं जो कुछ सूचनाएँ देने के लिए एकत्रित किए जाते हैं।

**प्रश्न 2. कक्षा V के 30 विद्यार्थियों की पसन्द निम्नलिखित हैं।**

लड्डू, बरफी, लड्डू, जलेबी, लड्डू, रसगुल्ला, जलेबी, लड्डू, बरफी, रसगुल्ला, लड्डू, जलेबी, जलेबी, रसगुल्ला, लड्डू, रसगुल्ला, जलेबी, लड्डू, रसगुल्ला, लड्डू, बरफी, रसगुल्ला, रसगुल्ला, लड्डू, जलेबी, रसगुल्ला, लड्डू, रसगुल्ला, जलेबी, लड्डू। (i) मिठाइयों के इन नामों को टैली चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक सारणी में व्यवस्थित कीजिए। (ii) कौनसी मिठाई विद्यार्थियों द्वारा अधिक पसन्द की गई?

**हल:** (i) अभीष्ट सारणी निम्नानुसार है -


| पसन्द | टैली चिह्न | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| लड्डू | \|\|\|\| \|\|\|\| \| | 11 |
| बरफी | \|\|\| | 3 |
| जलेबी | \|\|\|\| \|\| | 7 |
| रसगुल्ला | \|\|\|\| \|\|\|\| | 9 |
| कुल | | 30 |

(ii) लड्डू सबसे अधिक विद्यार्थियों द्वारा पसन्द किये गये।

**प्रश्न 3. एक बैंक में वर्ष 2005 में विभिन्न विभागों में नियुक्तियों को संलग्न स्तम्भ चार्ट में दर्शाया गया है।**

**स्तम्भ चार्ट को पढ़कर ज्ञात कीजिए -**

(i) सर्वाधिक नियुक्तियों वाला विभाग
(ii) सम्पूर्ण बैंक में कुल नियुक्तियाँ




**हल:**

(i) सर्वाधिक नियुक्तियों वाला विभाग 'कार लोन' विभाग है।
(ii) सम्पूर्ण बैंक में कुल नियुक्तियाँ
= 20 + 40 + 30 + 10 + 20
= 120 कर्मचारी उत्तर

**प्रश्न 4. रीना ने एक पासा लिया और उसको 40 बार उछालने पर प्राप्त संख्या को लिख लिया। उसने इस कार्य को 40 बार किया और प्रत्येक बार प्राप्त संख्याओं को निम्न प्रकार लिखा गया-**

1 3 5 6 6 3 5 4 1 6 2 5 3 4 6 1 5 5 6 1
1 2 2 3 5 2 4 5 5 6 5 1 6 2 3 5 2 4 1 5

एक सारणी बनाइए और आँकड़ों को टैली चिह्नों का प्रयोग करके लिखिए। अब ज्ञात कीजिए-

(i) कम से कम बार आने वाली संख्या।
(ii) अधिकतम बार आने वाली संख्या।
(iii) समान बार आने वाली संख्याएँ।


**हल:** टैली चिह्नों के साथ सारणी निम्न प्रकार है -

| संख्याएँ | टैली चिह्न | कितनी बार |
|---|---|---|
| 1 | 卌 II | 7 |
| 2 | 卌 I | 6 |
| 3 | 卌 | 5 |
| 4 | IIII | 4 |
| 5 | 卌 卌 I | 11 |
| 6 | 卌 II | 7 |
| कुल | | 40 |

(i) संख्या 4 सबसे कम बार आई है।
(ii) संख्या 5 सबसे अधिक बार आई है।
(iii) संख्या 1 और 6 समान बार आई हैं।

## लघूत्तरात्मक एवं निबन्धात्मक प्रश्न

**प्रश्न 1. ग्रामोद्योग विभाग में एक समूह द्वारा एक सप्ताह में बनाए गए पापड़ की संख्या को चित्र आलेख द्वारा दिखाया गया है। 10 पापड़ के एक पैकेट के लिए  चिह्न और खुले पापड़ को | चिह्न से दिखाया गया है।**



**तालिका को देख कर बताइये-**

(i) किस दिन पापड़ सबसे अधिक बने और कितने?
(ii) बुधवार और शुक्रवार में से किस दिन ज्यादा पापड़ बने और कितने?

**हल:**

(i) मंगलवार को सबसे अधिक पापड़ बने तथा उनकी कुल संख्या = 90 + 1 = 91
(ii) बुधवार को बने पापड़ों की संख्या = 60 + 8 = 68 तथा शुक्रवार को बने पापड़ों की संख्या = 40 + 2 = 42

**अतः** बुधवार को शुक्रवार से अधिक पापड़ बने तथा अधिक बने पापड़ों की संख्या = 68 - 42 = 26 उत्तर

**प्रश्न 2.**

| पेड़ | टेली चिह्न | संख्या |
|---|---|---|
| नीम | ~~\|\|\|\|~~ | 5 |
| पीपल | ~~\|\|\|\|~~ ~~\|\|\|\|~~ | 10 |
| आम | ~~\|\|\|\|~~ ~~\|\|\|\|~~ \|\| | 12 |
| बड़ | ~~\|\|\|\|~~ \|\|\|\| | 9 |
| खजूर | \|\|\| | 3 |
| इमली | ~~\|\|\|\|~~ \|\| | 7 |

**तालिका देखकर बताइये -**

(i) आम के पेड़ कितने हैं?
(ii) आम के पेड़ नीम के पेड़ से कितने ज्यादा हैं?
(iii) कुल कितने पेड़ हैं?
(iv) बड़, खजूर व पीपल के पेड़ों की कुल संख्या कितनी है?

**हल:**

(i) आम के 12 पेड़ हैं। उत्तर
(ii) आम के पेड़ नीम के पेड़ से 12 -5 = 7 ज्यादा हैं। उत्तर

(iii) कुल पेड़ = 5 + 10 + 12 + 9 + 3 +7 = 46 उत्तर
(iv) बड़, खजूर व पीपल के पेड़ों की कुल संख्या = 9 + 3 + 10 = 22 उत्तर

**प्रश्न 3. खेल के कालांश में गुरुजी ने सभी बच्चों से पूछा कि वे कौन-सा खेल खेलना चाहते हैं, खो खो, कबड्डी, पकड़ा-पकड़ाई या फुटबॉल? रोहिणी व सलमा ने सभी बच्चों के जवाब गिन कर तालिका बनाई।**

| खेल | टेली चिह्न | बच्चों की संख्या |
|---|---|---|
| खो-खो |卌 \|\|\|\| | 9 |
| कबड्डी | 卌 卌 | 10 |
| पकड़ा-पकड़ाई | 卌 卌 \|\| | 12 |
| फुटबॉल | 卌 \|\|\|\| | 9 |


**अब बताइये -**

(i) सबसे ज्यादा बच्चे कौन-सा खेल खेलना चाहते हैं?
(ii) कुल कितने बच्चे हैं?

**हल:**

(i) सबसे ज्यादा बच्चे पकड़ा-पकड़ाई खेल खेलना चाहते हैं।
(ii) कुल बच्चे = 9 + 10 + 12 +9 = 40 उत्तर

**प्रश्न 4. मोहित ने अपने स्कूल में सप्ताह भर में अनुपस्थित छात्रों का स्तम्भ चार्ट बनाया।**



1. किस दिन सबसे अधिक बच्चे अनुपस्थित रहे?
2. मंगलवार और शनिवार में से किस दिन बच्चे कम उपस्थित रहे?
3. किस दिन सभी बच्चे उपस्थित रहे?
4. बुधवार और मंगलवार को अनुपस्थित रहे बच्चों में अंतर कितना है?

**हल:**


(1) शुक्रवार के दिन सबसे अधिक बच्चे अनुपस्थित रहे।
(2) मंगलवार और शनिवार में से मंगलवार के दिन बच्चे कम उपस्थित रहे।
(3) गुरुवार के दिन सभी बच्चे उपस्थित रहे।
(4) बुधवार और मंगलवार को अनुपस्थित बच्चों में अन्तर = 6 - 5 = 1

प्रश्न 5. जयपुर शहर में यातायात पुलिस द्वारा किसी चौराहे पर यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर बनाये गये चालानों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है -

| दिन | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार |
|---|---|---|---|---|
| चालानों की संख्या | 5 | 4 | 6 | 3 |

इन आँकड़ों का ग्राफ में स्तम्भ चार्ट बनाइए।

**हल:**




**प्रश्न 6. कोटा शहर के किसी चौराहे से 1 घंटे की अवधि में गुजरने वाले वाहनों की संख्या निम्न तालिका में दर्शायी गयी है -**

| वाहन | मोटर साइकिल | जीप | बस | कार |
|---|---|---|---|---|
| वाहनों की संख्या | 14 | 7 | 3 | 11 |

**इन आँकड़ों को ग्राफ पेपर में स्तम्भ चार्ट द्वारा दर्शाइये।**

**हल:**





प्रश्न 7. जयपुर शहर में एक महीने के दौरान दुर्घटना घटित होने वाले वाहनों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है -

| वाहन | साइकिल | स्कूटर | मोटर साइकिल | कार | बस |
|---|---|---|---|---|---|
| दुर्घटनाओं की संख्या | 3 | 12 | 10 | 6 | 4 |

इन आँकड़ों का ग्राफ पेपर में स्तम्भ चार्ट बनाइए।

**हल:**




**प्रश्न 8. शहर में वाहनों की संख्या में तीव्र गति से वृद्धि हो रही है। जयपुर शहर में एक दिन में पंजीकृत वाहनों की संख्या को निम्न सारणी में दर्शाया गया है -**

| वाहन | टेली चिह्न | संख्या |
|---|---|---|
| बस | \|\|\| | 3 |
| कार | 𝍸 𝍸 \|\| | 12 |
| ऑटो रिक्शा | 𝍸 \|\|\| | 8 |
| मोटर साइकिल | 𝍸 𝍸 𝍸 \|\|\| | 18 |
| स्कूटर | 𝍸 𝍸 𝍸 𝍸 \|\|\| | 23 |

**तालिका देखकर बताइये -**

1. कितनी कारों का पंजीकरण हुआ?
2. कौनसा वाहन सबसे कम पंजीकृत हुआ?
3. सबसे अधिक पंजीकृत वाहन की संख्या तथा नाम क्या है?
4. कुल कितने वाहन पंजीकृत हुए?

**हल:**

1. 12 कारों का पंजीकरण हुआ।
2. सबसे कम बस पंजीकृत हुईं।
3. स्कूटर = 23 4. 3 + 12 + 8 + 18 + 23 = 64 वाहन

**प्रश्न 9. नीचे कुछ वाहनों के नाम दिये गये हैं। टेली चिह्न से दर्शाते हुए इनकी संख्या सारणी में प्रदर्शित कीजिए।**

कार, कार, बस, स्कूटर, साइकिल, बस, स्कूटर, कार, साइकिल, स्कूटर, स्कूटर, बस, साइकिल, कार, स्कूटर, स्कूटर, बस, कार, स्कूटर, स्कूटर, कार, साइकिल, बस, स्कूटर, कार, स्कूटर, साइकिल, स्कूटर, कार, बस

**हल:**


| वाहन | टेली चिह्न | संख्या |
|---|---|---|
| कार | ~~IIII~~ III | 8 |
| बस | ~~IIII~~ I | 6 |
| स्कूटर | ~~IIII~~ ~~IIII~~ I | 11 |
| साइकिल | ~~IIII~~ | 5 |

**प्रश्न 10. जोधपुर शहर में किसी दिन यातायात नियमों की अवहेलना के आधार पर चालानों की संख्या निम्न तालिका में दी गई है -**

| नियम अवहेलना | लाल बत्ती पर न रुकना | हेलमेट नहीं पहनना | गलत दिशा में आना | सीट बेल्ट नहीं पहनना |
|---|---|---|---|---|
| चालानों की संख्या | 8 | 12 | 6 | 4 |

**इन आँकड़े को ग्रिड पेपर में स्तम्भ चार्ट द्वारा दर्शाइये।**

**हल:**




**प्रश्न 11. जयपुर शहर में यातायात पुलिस द्वारा किसी चौराहे पर फरवरी माह में दर्ज हुई दुर्घटनाओं की संख्या नीचे तालिका में दी गई है -**

| सप्ताह | I सप्ताह | II सप्ताह | III सप्ताह | IV सप्ताह |
|---|---|---|---|---|
| दुर्घटनाओं की संख्या | 7 | 2 | 3 | 5 |

**इन आँकड़ों का नीचे दिये गये ग्राफ में स्तम्भ चार्ट बनाइये।**

**हल:**

